ont>

Title: Need to clear the proposal of the Government of Gujarat for setting up of a 'Fluoride Prevention Centre' in Gandhi Nagar.

**श्री रतिलाल कालिदास वर्मा (धन्धुका) :** गुजरात राज्य के अधिकांश भागों में बढ़ रहे फ्लोराइड प्रदूाण को देखते हुए प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से गांधीनगर में एक फ्लोराइड निवारण केन्द्र स्थापित करने की मांग की है, जो राजीव गांधी पेय जल मिशन भारत सरकार की स्वायत्त संस्था के अंतर्गत कार्यरत रहेगा।

कई बार पत्राचार करने के बावजूद भी अभी तक गुजरात सरकार को उपरोक्त केन्द्र स्थापित करने की मंजूरी भारत सरकार द्वारा नहीं मिली है। सदन के माध्यम से मेरी माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से मांग है कि लोगों के स्वास्थ्य एवम् वनस्पति बचाव की दृटि से गांधीनगर में अपेक्षित फ्लोराइड निवारण केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान करें।